दिन– रविवार दिनांक– 26 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि तमिलनाडु के कल्पक्कम में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर को चालू करने की सफलता ऐतिहासिक उपलब्धि है और इससे भारत का गौरव बढ़ा है। आकाशवाणी से **मन की बात कार्यक्रम** में प्रधानमंत्री ने इस सफलता के लिए देश के परमाणु वैज्ञानिकों की सराहना की है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि यह परमाणु संयंत्र पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से बना है और ब्रीडर रिएक्टर बिजली उत्पादन के अलावा भविष्य के लिए नया ईंधन विक्लप भी है। उन्होंने कहा कि देश की पवन ऊर्जा उत्पादन क्षमता अब छप्पन गीगावाट से अधिक हो गई है।

————————————————————

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मौजूदा जनगणना अभियान विश्व का सबसे बड़ा जनगणना अभियान है और हर देशवासी को इसकी जानकारी होनी चाहिए। श्री मोदी ने बताया कि जनगणना के लिए सभी जानकारी डिजिटल रूप में दर्ज की जा रही है। जनगणना प्रक्रिया को आसान बनाया गया है ताकि लोग अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकें। यह सुविधा जनगणना करने वाले कर्मचारियों के आने से पंद्रह दिन पहले तक मिलेगी। प्रक्रिया पूरी होने के बाद मोबाइल या ई–मेल पर एक विशेष आईडी दी जाएगी जिसे दिखाकर जानकारी सत्यापित की जा सकेगी। श्री मोदी ने कहा कि जिन राज्यों में स्व–जनगणना पूरी हो चुकी है, वहां जनगणना कर्मियों ने घरों की गणना शुरू कर दी है। अब तक लगभग एक करोड़ बीस लाख मकानों की सूची तैयार की जा चुकी है। श्री मोदी ने कहा कि जनगणना प्रक्रिया में लोगों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आश्वस्त दिया कि नागरिकों की जानकारी गोपनीय रहेगी।

————————————————————

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष पहली मई को बुद्ध पूर्णिमा मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है और वैश्विक तनाव तथा संघर्ष को देखते हुए उनकी शिक्षाएं और अधिक महत्वपूर्ण हो गई हैं। श्री मोदी ने कहा कि बौद्ध परंपरा प्रकृति से जुड़ना सिखाती है।

————————————————————

प्रधानमंत्री ने कहा कि मई का महीना अठारह सौ सत्तावन के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के स्मरण का अवसर भी होता है। श्री मोदी ने उन सभी वीर स्वतंत्रता सेनानियों

को नमन किया जिन्होंने  देशभक्ति की अलख जगाई। श्री मोदी ने बच्चों को गर्मियों की छुट्टी का भरपूर आनंद लने और कुछ नया सीखने की सलाह दी। उन्होंने गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने का अनुरोध भी किया।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुंगेर जिले के असरगंज प्रखंड अंतर्गत बैजलपुर गांव में प्रधानमंत्री श्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर भाजपा विधायक कुमार प्रणय, प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम सिंह मीणा, जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकर, पुलिस अधीक्ष सैयद इमरान मसूद सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने आज जिले के ढोल पहाड़ी स्थित मां दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना की और बारह करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली ईको टूरिज्म योजना का शिलान्यास किया। पटना स्थित भाजपा कार्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर लोगों ने तनमयता के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना।

———————————————————————

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार जल्द होगा। श्री चौधरी ने पटना स्थित जदयू कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि एनडीए के दलों के बीच इस मुद्दे पर बातचीत हुई है और शीघ्रहि विस्तार किया जाएगा।

———————————————————————

ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण क्षेत्र बनने के कारण आज प्रदेश के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्वी भागों में विभिन्न स्थानों पर आंधी के साथ बारिश हुई है। हमारे अररिया संवाददाता ने बताया कि जिले के अनेक भागों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हुई है। कई इलाकों में वज्रपात की घटना भी घटी है। वहीं, कटिहार, पूर्णियां और मधुबनी में भी तेज बारिश दर्ज की गयी है। इस दौरान कई स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई है। इधर, राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में प्रचंड गर्मी और लू की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास जिले का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान तैंतालीस डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।